53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.8°c
अधिकतम 35.4 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:11, सूर्यास्त - 6:07 | वर्ष : 53/अंक : 269 सोमवार, 29 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हाथ की लकीरों की ताकत का अंदाजा इस बात से लगया जा सकता है की वे मुट्ठी में बंद होकर भी काबू में नहीं होती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आई लव योगी जी के पोस्टर के जवाब में सपा समर्थकों ने आई लव अखिलेश के पोस्टर लगाए : लखनऊ




यह सिलसिला कहाँ जाकर रुकेगा?......

# मीरापुर पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक लाख का इनामी कुख्यात नईम ढेर

## बदमाशों की गोली लगने से एक हेड कांस्टेबल भी घायल हुआ | नफीस कालिया गैंग के साथ अपराध की दुनिया में उतरा था नईम


**मीरापुर, 28 सितम्बर (बु.)।** मीरापुर पुलिस व बदमाशों के बीच भूम्मा पुलिस चौकी के समीप दिन-दहाड़े मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से नफीस कालिया गैंग के साथ अपराध की दुनिया में उतरा एक लाख का इनामी कुख्यात बदमाश नईम ढेर हो गया। मुठभेड़ में बदमाशों की गोली लगने से एक हेड कांस्टेबल कालूराम यादव भी घायल हो गया, जबकि बदमाशों की एक गोली मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा की बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाश ने 10 सितंबर की रात में मीरापुर क्षेत्र में बाइक लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों से एक 315 बोर का तमंचा, एक 32 बोर की मुंगेर की पिस्टल व कई जिंदा व खोखा कारतूस व लूट, चोरी की दो बाइकें बरामद हुई। मुठभेड़ की सूचना पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल भी मौके पर पहुंच गए तथा फरार बदमाश की तलाश में घंटों काम्बिंग की। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार की शाम करीब चार बजे मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा को कुतुबपुर गंगनहर पटरी से होते हुए दो बदमाशों के मेरठ की तरफ जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी करते हुए कुतुबपुर गंगनहर पुल व भूम्मा पुलिस चौकी पर चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान कुतुबपुर गंगनहर पुल की ओर से दो बाइकों पर सवार दो बदमाश पुलिस को देखकर भूम्मा नहर पुल की तरफ भाग लिए। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाश भुम्मा पुलिस चौकी से पहले स्थित एक खंडहर के पास बाइक छोड़कर पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भाग लिए।











### कुख्यात नफीस कालिया गैंग में शामिल होकर उतरा था अपराध की दुनिया में

**मीरापुर।** पुलिस मुठभेड़ में मारा गया नईम वर्ष 2005 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक कुख्यात बदमाश रहे नफीस कालिया के गैंग में शामिल हुआ था तथा 2005 में दिल्ली के कमलानगर में लूट व हत्या कर नईम ने पहला अपराध कर अपराध की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उसने मवाना में 30 लाख की लूट को अंजाम दिया था तथा नफीस कालिया की मौत के बाद नईम ने अपना गैंग बना लिया था।

### पांच माह पूर्व ही जेल से छूटा था नईम

**मीरापुर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कुख्यात नईम अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह बनना चाह रहा था, जिसके चलते वह नए-नए युवाओं को अपराध की दुनिया में शामिल कर बड़ी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। नईम पांच माह पूर्व ही जेल से छूटा था तथा जेल से निकलते ही उसने कुछ दिन शांत रहकर मीरापुर में लूट की घटना को अंजाम दिया था तथा वह रविवार को भी किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था। मृतक बदमाश पर करीब 35 आपराधिक मुकदमे दर्ज है, जिनमें 20 लूट व डकैती तथा 6 हत्या के मुकदमे शामिल हैं।

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

# कभी रेस्टोरेंट तो कभी स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्यों का बोलबाला

## शनिवार को विश्वकर्मा चौक के निकट स्थित रेस्टोरेंट के अंडर ग्राउंड तो रविवार को कमल प्लाजा के स्पा सेंटर में पकड़ी गयी युवतियां | स्कूल की ड्रेस में मिली छात्राओं ने माता-पिता को किया शर्मसार

**मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में हर प्रकार के अनैतिक धंधे जोर पकड़ते जा रहे हैं और यह तस्वीर भी धीरे-धीरे साफ होने लगी है कि आखिर सबकुछ पता होने के बाजवूद भी किस परिस्थिति में पुलिस छापामारी करती है। यह पहली बार नहीं है कि पुलिस ने किसी स्पा सेंटर या रेस्टोरेंट में छापामारी की हो, लगभग पांच माह पूर्व ही महावीर चौक के निकट स्थित एक कैफे सेंटर में दो दर्जन से अधिक जोड़े पुलिस ने पकड़े थे। जोड़ों को पकड़ने के साथ-साथ कैफे सेंटर के अंदर से अनैतिक वस्तुएं भी मिली थी, जिसके बाद कई खुलासे हुए थे मगर फिर एक बार सबकुछ गोलमोल हो गया। उक्त कैफे सेंटर पर नेपाल तक की युवतियां कार्यरत थी। कल शनिवार को विश्वकर्मा चौक के निकट एक रेस्टोरेंट के अंडर ग्राउंड से एक दर्जन से अधिक जोड़ों को मौके से पकड़कर बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इतनी बड़ी संख्या में जब युवक युवती बाहर निकल रहे थे तो देखने वाले ही शर्मसार हो गए थे, क्योंकि इन युवतियों ने बाकायदा स्कूल, कॉलेज की ड्रेस पहनी हुई थी और उधर से गुजर रहे लोग एक ही चर्चा कर रहे थे कि मां बाप किस आस उम्मीद से अपनी औलादों को पाल पोसकर बड़ा कर रहे हैं। उनकी इच्छाओं की पूर्ति के लिए अपने आप तक को बेचने को तैयार रहते हैं और जरा सी जवानी आने पर युवक-युवती उनके नाम को हमेशा के लिए कलंकित कर रहे हैं। शनिवार को रेस्टोरेंट तो रविवार को चर्चित कमल प्लाजा के अंदर चल रहे स्पा सेंटर से चार युवतियों को पकड़ा गया। इसी के साथ-साथ मैनेजर बताया जाने वाला व्यक्ति भी पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा से जब मीडिया ने इस बाबत पूछताछ की तो उन्होंने न तो संचालक का नाम बताया और न ही मैनेजर का। उन्होंने कहा कि पूरी जांच के बाद खुलासा किया जायेगा। कुल मिलाकर मुजफ्फरनगर में अनैतिक कार्यों की गूंज दूर-दूर तक होने लगी है। पिछले आठ माह में कई ओयो होटल्स, रेस्टोरेंट्स, कैफे व स्पा सेंटरों पर छापमारी हो चुकी है मगर ढाक के पात तीन ही हैं, क्योंकि छापामारी से पहले पुलिस किसी प्रकार की सख्ती बरतने को तैयार नहीं होती। उसके पीछे का खेल क्या है, यह आम आदमी तक को पता है। शहर के आधे से अधिक रेस्टोरेंट ऐसी ही कमाईयों से फल-फूल रहे हैं। अब देखना यह होगा कि फिर कब किसी अगले स्पा सेंटर अथवा रेस्टोरेंट में छापामारी के दौरान कितने युवक- युवती पकड़े जाते हैं।







### सोशल मिडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाला युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)।** थाना तितावी पुलिस द्वारा रौब गालिब तथा समाज में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से सोशल मिडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाला युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर एक फोटो वायरल हुई, जिसमें थाना क्षेत्र तितावी निवासी एक युवक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहा था। थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाले आरोपी अंकित निवासी जागाहेड़ी थाना तितावी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि उसके द्वारा रौब गालिब करने तथा सोशल मीडिया पर दबंगई दिखाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर शस्त्रों के साथ फोटो डाले थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।




# भाजपाईयों की बेइज्जती पर बोले डॉ. संजीव बालियान-किसी दिन अभियान चलाकर काली फिल्मों में चलने वाले अधिकारियों की लाल लाइट उतार दूंगा

**मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)।** रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान फिर एक बार सांसद जैसे जोश में दिखाई दिये। मीडियाकर्मियों ने उनसे जब भाजपाईयों की दुखती रग पर हाथ रखने वाला सवाल पूछ लिया तो संजीव बालियान फूट पड़े। दरअसल मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के ग्राम खेड़ा मस्तान में क्रान्ति गुरू श्री चन्द्रमोहन महाराज के फसल से पहले नस्ल बचाओ अभियान के निमित्त कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए यह कहा कि चन्द्रमोहन लगातार नशा मुक्ति एवं जातिगत भेदभाव मिटाने का कार्य कर रहे हैं, इसी बीच मीडिया ने सवाल किया कि लगातार भाजपाईयों की अधिकारी जनपद के अंदर बेइज्जती करते आ रहे हैं, परसों भी एक पदाधिकारी की नीली-लाल लाइट सड़क पर ही उतार दी गयी और उससे पहले तितावी गन्ना समिति के चेयरमैन पति भोला सिंह को अपमानित किया गया इस पर संजीव बालियान सांसद जैसे रौद्र रूप में आ गए और उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से सोच तो रहा हूं किसी दिन अभियान चलाकर जो अधिकारी काली फिल्म लगाकर गाड़ियों में चल रहे हैं उनकी फिल्म के साथ-साथ लाल बत्ती भी उतार दूँ। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी ने भाजपा का झण्डा उतरवाने का काम किया है, उसकी खुद की गाड़ी में काली फिल्म लगी हुई है। अब किसी भी दिन मौका देखकर इस काम पर लग जाऊंगा और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर फिर देखूंगा कि किस तरह से अधिकारी भाजपाईयों को अपमानित करते हैं। कुल मिलाकर पूर्व सांसद का बड़ा बयान अधिकारियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और संजीव बालियान का रौद्र रूप देखकर सब हैरत में हैं।



### मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष, राजीव शुक्ला बतौर उपाध्यक्ष बरकरार

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन गए हैं। 28 सितंबर को मुंबई में वार्षिक आम बैठक के समापन के बाद, मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मन्हास खासकर घरेलू क्रिकेट में अपने बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे। अपने घरेलू क्रिकेट के करियर में मिथुन मन्हास ने 157 फर्स्ट क्वलास मैच में 9714 रन बनाए हैं। उनके नाम 27 शतक और 49 अर्धशतक दर्ज है। 91 टी-20 मैच में उन्होंने 1170 रन बनाए थे। रोजर बिन्नी के बाद, मन्हास को भारतीय क्रिकेट प्रशासन का मार्गदर्शन करने की ज़िम्मेदारी मिली है, जिसमें विकास, प्रदर्शन और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की दृष्टि शामिल है। इसके अलावा राजीव शुक्ला को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो क्रिकेट प्रशासन और रणनीतिक योजना, दोनों में व्यापक अनुभव रखते हैं। देवजीत सैकिया को मानद सचिव चुना गया, जबकि प्रभतेज सिंह भाटिया ने संयुक्त सचिव का पदभार संभाला। वित्तीय प्रबंधन का कार्यभार कोषाध्यक्ष ए. रघुराम भट संभालेंगे।



### भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिवारों को 2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

**करूर, 28 सितंबर (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से राजनेता बने थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की रैली में हुई भीषण भगदड़ में 39 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद एक्टर विजय सहित केंद्र और राज्य सरकार ने पीड़ितों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये के मुआवजे का ऐलान किया।

# महिलाएं भी करने लगी ठगी के धंधे, वर्मा पार्क निवासी महिला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)।** पैसा कमाने की अंधी दौड़ में महिलाओं को भी ठगी करने में पीछे नहीं छोड़ा। गांधी कॉलोनी के वर्मा पार्क से ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने सबको हैरत में डाल दिया है। वर्मा पार्क की निवासी किरण तोमर पत्नी अरविन्द कुमार एडूटेक एडवाइजर नामक एजेंसी की संचालक है। एजेंसी के माध्यम से महिला युवाओं को विदेश में एमबीबीएस कराने का लालच देकर लम्बे समय से मोटी रकम हड़प रही थी। पुलिस सुबूत की तलाश में थी। रविवार को थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस ने अपना काम करते हुए जाल बिछाकर उसे घर से मय सबूतों के पकड़ लिया। महिला को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गयी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार एवं महिला उपनिरीक्षक ममता चौधरी शामिल रहीं। महिला को न्यायालय में पेश किया गया।



### कानपुर में बवाल की साजिश, 26 लोगों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर, 28 सितंबर (एजेंसी)।** बरेली के बाद शहर में भी शुक्रवार को बवाल करने की साजिश की गई। बरेली में भड़काऊ ऑडियो वायरल होने के बाद भीड़ इकट्ठा होने के बाद माहौल बिगड़ गया था। इसी तरह शहर में रेलबाजार थाना क्षेत्र में भी एक भड़काऊ ऑडियो जुमे की नमाज के बाद वायरल कर सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश की गई। हालांकि पुलिस और इंटेलीजेंस की सक्रियता के चलते समय रहते पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभाल लिया। चौकी इंचार्ज सुजातगंज की तहरीर पर एक नामजद समेत 25 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति

**।। कालरात्रि ।।**



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर



